Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar to solve drinking water problem in the State.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय) : सभापति महोदया, बिहार राज्य के पटना, गया, बक्सर, नालंदा, औरंगाबाद, नवादा, रोहतास, कैमुर, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई, शेखपुरा, लखीसराय, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, सरहरसा, सुपौल, मधेपुरा, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सिवान, सारण, बेगुसराय, मुजफ्फरपुर, वैशाली. कटिहार तथा सीतामढ़ी जिलों के सुखाड़ग्रस्त प्रखंडों में कुल लगभग 3,80,000 अवस्थित चापाकलों मैं से बंद हस्तचालित नलकूपों को चालू किया जाना अतंयंत आ वश्यक है ताकि इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित जलापूर्ति हो सके। इन सुखाड्ग्रस्त प्रखंडों में बंद हस्तचालित नलकूपों में से करीब 25 प्रतिशत नलकूप पुरानं ए वं जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं। अत: उनके स्थान पर भू-संरचना के अनुसार नये उन्नत किस्म के नलकूपों के निर्माण के प्रस्ताव हैं , ताकि ये सभी नलकूप दीर्घकालिक हो सकें। शेा 75 प्रतिशत बंद नलकूपों की विशेा मरम्मती कराने का भी प्रस्ताव है। तदनुसार कुल 16,113 बंद हस्तचालित नलकूपों के स्थान पर नये नलकूप एवें 48,383 बंद हस्तचालित नलकूपों की विशेा मरमम्ती कराने के लिये कुल 4840.67 लाख रुपये की आवश्यकता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त जिलों में शीघ्र राशि प्रदान कर नलकूपों की स्थिति में सुधार कर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की कृपा की जाये।